तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
7.06.2022	उपरोक्त अपील पत्रावली आज दिनांक 07.06.2022 को प्रार्थी के अधिवक्ता के द्वारा प्रार्थना पत्र वास्ते मिसल तलबी एवं शीघ्र सुनवाई करवाने बाबत पेश किये जाने पर प्रस्तुत हुई। जिस पर पत्रावली आज दिनांक को सुनवाई हेतु ली गई। उक्त प्रार्थना पत्र के अतिरिक्त एक अन्य प्रार्थना पत्र विड्रो रिव्यू प्रार्थना पत्र किये जाने का पेश किया। प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में प्रार्थी के अधिवक्ता के द्वारा उल्लेख किया गया कि विचाराधीन रिव्यू प्रार्थना पत्र 01/2022 तारीख पेशी दिनांक 20.07.2022 से सम्बन्धित मूल राजस्व अपील संख्या 10/2020 अनवान हजारीमल बनाम भमराराम वगैराह निर्णय दिनांक 10.01.2022 के विरूद्ध अपील न्यायालय राजस्व मण्डल अजमेर के समक्ष विचाराधीन है। ऐसे में रिव्यू प्रार्थना पत्र में प्रार्थी आगे की कार्यवाही नहीं करना चाहता है। अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र जरिये विड्रो करने का आदेश फरमावे। प्रार्थी के अधिवक्ता की ओर से प्रस्तुत प्रार्थना पत्र बाबत रिव्यू प्रार्थना पत्र को जरिये विड्रो करने, में उल्लेखित तथ्यों के आधार पर एवं लोक अदालत की भावना के अनुरूप विचाराधीन रिव्यू प्रार्थना पत्र संख्या 01/2022 को विड्रो करने की अनुमति प्रदान की जाती है तथा रिव्यू प्रार्थना पत्र को जरिये विड्रो खारिज किया जाता है। प्रार्थना पत्र बाद निर्णय होकर दर्ज रजिस्टर से कम किया जावें। डिवीजनल कमिश्नर जोधपुर डिविजनल कमिश्नर जोधपुर	